


## महेश भट्ट के शादी कर पछता रही थीं सोनी राजदान

भट्ट फैमिली को लेकर अक्सर चौंकाने वाली खबरें भी सामने आती हैं। फिल्ममेकर महेश भट्ट की लाइफ ऐसी रही है कि कुछ न कुछ सनसनीखेज खबर सामने आ ही जाती है। बॉलिवुड के फेमस डायरेक्टर महेश भट्ट ने साल 1970 में स्वतंपदम ठतपहीज से शादी की थी। इस कपल के दो बच्चे हुए– पूजा भट्ट और राहुल भट्ट। ये रिश्ता सालों बाद तब टूट गया, जब 1986 में महेश ने सोनी राजदान का हाथ थाम लिया। दोनों की दो बेटियां हैं– आलिया भट्ट और शाहीन भट्ट। पूजा भट्ट ने बताया था कि एक बार ट्रिप के दौरान सोनी राजदान ने उनसे कहा था कि वो महेश भट्ट से शादी करके पछतावा महसूस कर रही हैं। हालांकि, इस बात पर दिल है की मानता नहीं ऐक्ट्रेस ने जिस तरह से रिएक्ट किया, वो दिल जीतने वाला था। ऐक्ट्रेस ने कहा था, सोनी और मैं कुन्नूर गए थे। वो बाहर बैठी हुई थी और उसने कहा, पूजा मैं तुम्हें कुछ बताना चाहती हूं कि मैं खुद को दोषी मानती हूं। इस पर मैंने कहा, सोनी तुम खुद को दोषी क्यों मानती हो? तुमने कभी कोई शादी नहीं तोड़ी। वो शादी लंबे समय पहले ही मर चुकी थी।

## अब कमीडियन डेव चैपल पर हुआ हमला, क्रिस रॉक को आई थप्पड़कांड की याद

ऑस्कर 2022 में ऐक्टर विल स्मिथ और होस्ट क्रिस रॉक के बीच हुए थप्पड़कांड को लोग अभी तक भुला भी नहीं पाए हैं कि वैसा ही दूसरा हादसा हो गया है। अमेरिकन स्टैंडअप कमीडियन डेव चैपल लॉस एंजिल्स में हॉलीवुड बॉल वेन्यू में स्टेज पर परफॉर्म कर रहे थे कि तभी अचानक एक शख्स ने उन पर हमला कर दिया। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन इस घटना ने क्रिस रॉक को फिर से विल स्मिथ की याद दिला दी है! डेव चैपल का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, बीते मंगलवार (3 मई) को वो श्नेटफ्लिक्स एक जोकश कॉमेडी फेस्टिवल में हिस्सा ले रहे थे। इसी दौरान एक शख्स स्टेज पर पहुंचा और डेव को तेजी से धक्का मारा। ये मंजर देख वहां मौजूद सभी लोग दंग रह गए। इस पूरे मामले पर पुलिस का कहना है कि आरोपी के पास से हैंडगन मिला है, जिसमें चाकू और ब्लेड लगा था। फिलहाल, अच्छी बात ये है कि डेव को किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। उन्हें हमले के बाद हॉस्पिटल लेकर गए थे, लेकिन वो पूरी तरह से ठीक हैं।

## शादी के बाद एक–साथ ब्रह्मास्त्र के सेट पर पहुंचे आलिया और रणबीर



कुछ दिन पहले ही शादी के बंधन में बंधे रणबीर कपूर और आलिया भट्ट हाल ही फिल्म ब्रह्मास्त्र के सेट पर शूट के लिए पहुंचे। रणबीर और आलिया पिछले 5 साल से इस फिल्म पर साथ काम कर रहे हैं। अब तक सेट पर उनका एक गर्लफ्रेंड–बॉयफ्रेंड के रूप में आना–जाना था, लेकिन अब पहली बार दोनों पति–पत्नी के रूप में शूट पर पहुंचे। रणबीर और आलिया की ब्रह्मास्त्र के सेट पर जाते हुए तस्वीरें सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। हमारे सहयोगी ईटाइम्स ने हाल ही रणबीर और आलिया को एक साथ स्पॉट किया। दोनों ने 14 अप्रैल को शादी की थी और उसके बाद से अब जाकर वो पहली बार साथ नजर आए हैं। आलिया को हाल ही नई दिल्ली एयरपोर्ट पर फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी के एक बेहद अहम सीन की शूटिंग करती नजर आई थीं। उन्हें देखने के लिए वहां भारी भीड़ जमा हो गई थी। उसके बाद अब आलिया पति रणबीर के साथ ब्रह्मास्त्र के सेट पर जाती दिखीं। ब्रह्मास्त्र की शूटिंग इस साल मार्च में खत्म हुई। 29 मार्च को फिल्म के डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने एक पोस्ट में इसकी अनाउंसमेंट की थी। साथ में लिखा था, फाइनली शूट खत्म हुआ। 5 साल पहले हमने ब्रह्मास्त्र का पहला शॉट लिया था और अब हमने आखिरी शॉट पूरा कर लिया है। यह एक वंस इन ए लाइफटाइम जर्नी है।

# मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर करने जा रहे हैं शादी की तैयारी?

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)




*बॉलिवुड में कई बिग फैट वेडिंग हो चुकी हैं और कई होने वाली हैं। कटरीना–विक्की, रणबीर–आलिया जैसे फेमस कपल सात फेरे ले चुके हैं तो अथिया शेट्टी–केएल राहुल, तारा सुतारिया–आदर जैन, सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी सहित कई जोड़ियों का अभी दूल्हा–दुल्हन बनना बाकी है। इन सबके बीच लोगों की निगाहें मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर की शादी पर भी टिकी हुई हैं। अब मलाइका ने इस पर खुलकर बात की है। उन्होंने कंफर्म कर दिया है कि दोनों इस बारे में सोच रहे हैं। अब दोनों प्लान कर रहे हैं कि आगे क्या करना है।*

मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर संग अपने रिश्ते और अभी वो किस स्टेज पर हैं, इस पर बात करते हुए कहा, सबसे जरूरी बात ये है कि अगर हम जानते हैं कि हम एक साथ फ्यूचर चाहते हैं। अगर आप ऐसे रिश्ते में हैं, जहां आप अभी भी चीजों को समझ रहे हैं और कह रहे हैं, ओह, मुझे नहीं पता...। ये वो जगह नहीं है, जहां मैं अपने रिश्ते में खड़ी हूं। ये मेरे लिए पवित्र और अहम है। मुझे लगता है कि हम एक ऐसी जगह पर हैं, जहां हम कहां हैं और आगे क्या करना है, वाले हिस्से के बारे में सोच रहे हैं। हम चीजों पर बहुत डिस्कस करते हैं। हम एक ही विचारों और आइडिया के साथ सेम प्लेस पर हैं। हम वास्तव में एक–दूसरे को पा चुके हैं।

**अर्जुन के साथ जिंदगी बिताना चाहती हैं मलाइका**

मलाइका ने आगे कहा, हम मैच्योर स्टेज पर हैं, जहां अभी भी कई डिस्कवरी के लिए जगह खाली है, लेकिन हम फ्यूचर को



एक साथ देखना पसंद करेंगे और देखेंगे कि हम इसे यहां से कहां ले जा सकते हैं। हम इसके बारे में हंसते और मजाक करते हैं, लेकिन हम बहुत सीरियस भी हैं। आपको अपने रिलेशनशिप में पॉजिटिव और सिक्योर महसूस करना होगा। मैं बहुत खुश और पॉजिटिव हूं। अर्जुन मुझे वो कॉन्फिडेंस और श्योरिटी देता है, लेकिन ये दोनों तरफ से है। हां, मुझे नहीं लगता है कि हमें एक साथ सभी कार्ड खोलने चाहिए। हम अभी भी अपने जीवन और रोमांस को हर दिन एक साथ प्यार करते हैं। मैं उसे हमेशा करती हूं कि मुझे तुम्हारे साथ जीना है। हम बाकी का पता लगा लेंगे, लेकिन मुझे पता है कि वो मेरा मैन है।श

**अब रिश्ते पर खुलकर करते हैं बात**

मलाइका और अर्जुन सालों से एक–दूसरे को डेट कर रहे हैं। पहले तो उन्होंने अपना रिश्ता छिपाया, लेकिन धीरे–धीरे सोशल मीडिया पर एक–दूसरे के लिए प्यार जाहिर करने लगे। अब वो खुलकर अपने रिश्ते पर बात करते हैं। हालांकि, इस रिश्ते की वजह से दोनों ही ट्रोल का शिकार होते हैं, क्योंकि दोनों की उम्र में लंबा फासला है। इसके बावजूद वो इन सब बातों का ध्यान दिए बिना अपनी लाइफ इंजॉय कर रहे हैं।

**19 साल का है बेटा**

मलाइका अरोड़ा ने सलमान खान के भाई अरबाज खान से शादी की थी, लेकिन सालों बाद उनका तलाक हो गया। दोनों का एक बेटा है, जो 19 साल का है। दोनों अक्सर अपने बेटे के लिए साथ नजर आते हैं।

# क्या कोई है जो नहीं चाहता कि देश में शांति हो?



*भारत को आजाद हुए 75 साल हो गए हैं। लेकिन आज भी वो बातें कांटे की तरह चुभती हैं जब देश की स्वतंत्रता के समय कुछ श्सो कॉल्ड बुद्धिजीवियों ने कहा था कि ये देश कुछ ही समय में बिखर जाएगा। क्योंकि ये देश कई भाषाएं, धर्मों और विविधताओं से भरा हुआ है। भारत आर्थिक और सामाजिक रूप से इतना सशक्त नहीं था कि वह इन्हें लेकर एक साथ आगे बढ़े। इसी वजह से लोगों को लग रहा था कि हिंदुस्तान चंद सालों में कई देशों में बिखर जाएगा। लेकिन हमारी एकता और अखंडता पूरे विश्व के लिए मिसाल बन गई।*

फिल्म 'अनेक' का ट्रेलर 5 मई 2022 को रिलीज हो गया है। इस ट्रेलर को देखकर दो बातें कतई साफ होती हैं कि आयुष्मान खुराना पर्दे पर पहली बार ऐक्शन करते नजर आएंगे और दूसरा, वह नॉर्थ ईस्ट के राजनीतिक उठा–पठक पर फिल्म लेकर आए हैं। यह फिल्म भारत की 7 सिस्टर्स कहे जाने वाले राज्यों की कहानी और उनके दर्द को बयां करती है। थप्पड़, मुल्क और आर्टिकल 15 जैसी फिल्में बनाने वाले निर्देशक अनुभव सिन्हा ने जिस मर्म और राष्ट्रीय भावना से इस फिल्म को लिखा और बनाया है वो ट्रेलर से ही बयां हो जाता है।

**अनेक की ताकत क्या है?**

अनेक ट्रेलर के 27वें सैकेंड में एक लड़की को थप्पड़ मारता दिखाया जाता है। उसका रंग, रूप और बोली थोड़ी सी अलग है। आंखे छोटी है और रंग साफ है। इसीलिए उसे नेपाली और चाइनीज कहकर थप्पड़ जड़ दिया जाता है। वास्तव में ये तमाचा इस लड़की को नहीं बल्कि बकवास सोच और नस्लीय टिप्पणी करने वाले आम भारतीयों पर है। खैर अनेक के ट्रेलर में ये सिर्फ 4 सैकेंड का एक सीन है। इस तरह के कई सवाल हैं जो ये फिल्म बार बार सोचने और दिमाग पर जोर डालने पर मजबूर कर देती है।

**इंडियन कौन है... ये कैसे तय होगा?**

इंडिया इंडिया इंडिया... ये सुनने में कितना अच्छा लगता है। ट्रेलर में एक मजबूत डायलॉग है, जब आयुष्मान खुराना कहते हैं.. इंडियन कौन हैं.. ये कैसे डिसाइड होता है ? क्या हिंदी डिसाइड करती है कि आप नॉर्थ इंडिया से हैं...? कैसे तय होता है कि आप साउथ से, वेस्ट से, नॉर्थ ईस्ट से या कहां से हैं.. आखिर कैसे तय होता है कि कौन है हिंदुस्तानी?